पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या - 8
No. of Pages in Booklet - 8

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या - 100
No. of Questions in Booklet - 100

# PSI : 2025

**PAPER - I**

प्रश्न पुस्तिका संख्या/
Question Booklet No.

0141-3555948

**PAPER ID : GH303**

**SUBJECT : General Hindi [ वाक्य रचना, वाक्य शुद्धि एवं लोकोक्ति/मुहावरे ]**

समय : **2.00 घण्टे**
Time : **2.00 Hours**

अधिकतम अंक : **200**
Maximum Marks : **200**

Springboard ACADEMY

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान है।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए।
4. प्रत्येक प्रश्न के पाँच वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **1, 2, 3, 4, 5** अंकित किया गया है अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर प्रत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
5. यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो **[5]** के नीचे संबंधित गोले को काला करें।

| प्रश्न क्रमांक | उत्तर | अनुत्तरित (5) |
|---|---|---|
| 1. | ① ② ③ ④ | ⑤ |

6. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। **अनुत्तरित प्रश्न के लिए 5वें गोले को भरना अनिवार्य है ना भरने की स्थिति में 1/3 भाग काटा जायेगा।**
7. अभ्यर्थी द्वारा **10% से अधिक** प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन नहीं करने पर उसे **परीक्षा हेतु अयोग्य** माना जायेगा।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध संस्था द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर-भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. Each question has five alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4, 5.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answwer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.
5. If you do not wish to answer a question, darken the corresponding circle under **[5]**.

| Q. No. | Answered | Not attempted (5) |
|---|---|---|
| 1. | ① ② ③ ④ | ⑤ |

6. **1/3 part to the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. **For unanswered questions, it is mandatory to fill in the 5th circle, in case of non-filling, 1/3 part to the mark(s) will be deducted.**
7. If the candidate does not fill any option in **more than 10%** of the questions, he/she will be considered **disqualified for the examination**.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such obejctionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill you Roll Number in O.M.R. Sheet **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.


**• JAIPUR**

SBA Campus,
Gopalpura By Pass, Jaipur
Mob. : 0141-3555948, 9636977490

**• JODHPUR**

145, Samrathal Tower,
Manji Ka Hattha, Paota, Jodhpur
Mob. : 7726944080

1. **'बहुत अधिक मेहनत करने के बाद भी वह परीक्षा में सफल नहीं हुआ।' किस वाक्य का उदाहरण है?**

**[1]** सरल वाक्य [2] संयुक्त वाक्य

[3] मिश्र वाक्य [4] सरल व संयुक्त वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

2. **कौनसा सुमेलित नहीं है?**

[1] जो जागत है सो पावत है, जो सोवत है वह खोवत है। - मिश्र वाक्य

[2] दैनिक जीवन में हम विभिन्न प्रकार के कार्य करने वाले लोगों से मिलते हैं। - साधारण वाक्य

[3] वह आया और उसने देखा कि भीतर कोई नहीं है। - संयुक्त वाक्य

**[4]** प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे। - मिश्र वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

3. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

A. रचना के आधार पर वाक्य के 3 प्रकार होते है।

B. वाक्य का अनिवार्य घटक कर्ता और क्रिया है।

C. अर्थ के आधार पर वाक्य के 8 भेद होते है जिनमे से संबंधवाचक वाक्य भी एक भेद हैं।

D. आश्रित उपवाक्य के तीन प्रकार होते है।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-**

[1] केवल A व B [2] केवल A, B व C

[3] केवल B व D **[4]** केवल A, B व D

[5] अनुत्तरित प्रश्न

4. **'उसने मान लिया कि उसका दोष है।' कौनसा वाक्य है?**

[1] साधारण [2] संयुक्त

**[3]** मिश्र [4] साधारण-मिश्र

[5] अनुत्तरित प्रश्न

5. **सुमेलित कीजिए-**

| **खण्ड 'क'** | **खण्ड 'ख'** |
|---|---|
| A. आपको शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले | i. विधानवाचक वाक्य |
| B. सीता ने कहानी लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया। | ii. संकेतवाचक वाक्य |
| C. जो सेवा करे सो मेवा पावै। | iii. इच्छावाचक वाक्य |
| D. शायद पिताजी आ जाए। | iv. संदेहार्थक वाक्य |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** | | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **[1]** | iii | i | ii | iv | [2] | iii | i | iv | ii |
| [3] | i | ii | iii | iv | [4] | ii | i | iv | iii |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

6. **कौनसा असुमेलित है?**

| **वाक्य** | **प्रधान उपवाक्य** |
|---|---|
| [1] वह कोशिश करता तो अवश्य सफल होता। | -अवश्य सफल होता |
| [2] राधा ने सुना कि कृष्ण मथुरा गए है। | -राधा ने सुना |
| [3] वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए जिए। | -वही मनुष्य है |
| **[4]** जैसे ही कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, वर्षा आने लगी। | -जैसे ही कार्यक्रम प्रारंभ हुआ |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

7. **निम्नलिखित में से कौनसा संयुक्त वाक्य नहीं है?**

[1] अध्यापक ने कुछ कहा और विद्यार्थियों ने कुछ सुना।

[2] बादल खूब गरजे किंतु बरसे नहीं।

**[3]** जो लड़का पढ़ता है, वह आ रहा है।

[4] नारायण धनी है परन्तु कंजूस है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

A. हम लोग मंदिर गए क्योंकि मैंने मन्नत माँगी थी।

B. मैंने मन्नत माँगी थी इसलिए हम मंदिर गए।

**उपर्युक्त वाक्यों के बारे में सत्य विकल्प है?**

[1] A-संयुक्त वाक्य; B-मिश्र वाक्य

**[2]** A-मिश्र वाक्य; B-संयुक्त वाक्य

[3] A व B दोनों संयुक्त वाक्य

[4] A व B दोनों मिश्र वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

9. **कथन :** 'यह वही भारत देश है जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था।' यह संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

**कारण :** संयुक्त वाक्य में एक से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथन एवं कारण के संदर्भ में कौनसा विकल्प सत्य है?**

[1] कथन सही है, कारण गलत है।

**[2]** कथन गलत है, कारण सही है।

[3] कथन सही है और कारण भी सही है।

[4] कथन भी गलत है और कारण भी गलत है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

10. **कौनसा सुमेलित है?**

**[1]** अपना गृहकार्य यथासंभव शाम तक पूरा कर लो। - सरल वाक्य

[2] राम आया और श्याम गया। - मिश्र वाक्य

[3] आशा है कि मुझे पुरस्कार मिलेगा। - संयुक्त वाक्य

[4] वह कौनसा मनुष्य है जिसने महाराणा प्रताप का नाम न सुना हो। - संयुक्त वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

11. **'कृष्ण माखन खा रहा था और यशोदा उसे देख रही थी कि वह कितना माखन खाता है।' उपर्युक्त वाक्य के लिए सत्य विकल्प है-**

[1] सरल - संयुक्त वाक्य

[2] संयुक्त - संयुक्त वाक्य

[3] मिश्र - संयुक्त वाक्य

**[4]** संयुक्त - मिश्र वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

12. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

A. वाक्य के दो मुख्य अवयव होते है - उद्देश्य और विधेय।

B. उद्देश्य के विषय में जो विधान किया जाता है उसे सूचित करने वाले शब्दों को विधेय कहते है।

C. जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल रहता है उसे संयुक्त वाक्य कहते है।

D. संयुक्त वाक्य के मुख्य वाक्यों को समानाधिकरण उपवाक्य कहते है क्योंकि वे एक दूसरे पर आश्रित रहते है।

Springboard Academy

**उपर्युक्त वाक्यों के बारे में सही विकलप है–**

[1] A व B सत्य जबकि C व D असत्य

[2] A व C सत्य जबकि B व D असत्य

**[3]** A, B व C सत्य जबकि D असत्य

[4] A, B, C व D सत्य है

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**13. कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| वाक्य | उद्देश्य |
|---|---|
| [1] विद्यार्थी को अनुशासन प्रिय होना चाहिए। | –विद्यार्थी को |
| [2] रामगोपाल वहाँ जाएगा और वह वहाँ से घी लाएगा। | –रामगोपाल, वह |
| **[3]** मनोज का अचानक मेरे घर आना मुझे अच्छा नहीं लगा। | –मुझे अच्छा नहीं लगा |
| [4] तेंदुलकर ने एक ओवर में 6 चौके लगाए। | –तेंदुलकर |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**14. किस वाक्य में उद्देश्य का विस्तार नहीं है?**

[1] अच्छा लड़का माता-पिता की आज्ञा मानता है।

[2] लाखों आदमी हैजे से मर जाते है।

[3] उनके पिता जयसिंह यह बात नहीं चाहते थे।

**[4]** आदमी रात को खूब सोता है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**15. किस वाक्य में विधेय का विस्तार क्रियाविशेषण द्वारा नहीं है?**

[1] उसने जैसे-तैसे काम पूरा किया।

**[2]** वह घर गया।

[3] गाड़ी जल्दी चलती है।

[4] वे मुझसे प्रेमपूर्वक बोले।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**16. कौनसा सुमेलित है?**

| | |
|---|---|
| [1] आपका सेवानिवृत्त जीवन सुखमय हो | – विधानवाचक वाक्य |
| [2] शायद आज रमेश अजमेर आए | – संकेतवाचक वाक्य |
| **[3]** धूप में मत खेलो | – आज्ञावाचक वाक्य |
| [4] अगर वह आ जाती तो मेरे पापा मान जाते | – संदेहवाचक वाक्य |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**17. सुमेलित कीजिए–**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| A. आप आज्ञा न कीजिए | i. विधानवाचक वाक्य |
| B. क्या इस निरीह की रक्षा करने वाला कोई वीर बचा है? | ii. इच्छावाचक वाक्य |
| C. भारत के उत्तर में हिमालय है। | iii. निषेधवाचक वाक्य |
| D. आपकी यात्रा मंगलमय हो। | iv. प्रश्नवाचक वाक्य |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| [1] | i | ii | iv | iii |
| [2] | iii | iv | ii | i |
| **[3]** | iii | iv | i | ii |
| [4] | ii | iv | iii | i |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**18. निम्नलिखित में से कौनसा संयुक्त वाक्य नहीं है?**

[1] इस वर्ष हमारे विद्यालय में जो बहुत से वक्ता पधारे, उनमें से कुछ धर्म पर, कुछ साहित्य पर तथा कुछ वैज्ञानिक विषयों पर बोले।

**[2]** जो विद्वान कल आये थे, उनहोंने कहा कि सत्य और परोपकार सबसे बड़े धर्म है।

[3] पापा बहुत जोर दे रहे थे, अत: मुझे हाँ करनी पड़ी।

[4] आप चाय लेंगे या कॉफी।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. विद्या से ज्ञान बढ़ता है, विचारशक्ति प्राप्त होती है और मान मिलता है।

B. अब तू या छूट ही जाएगा, नहीं तो कुत्तों गिद्धों का भक्षण बनेगा।

C. मुझे उन लोगों का भेद लेना था, सो मैं वहाँ ठहरकर उनकी बातें सुनने लगा।

D. कामनाओं के प्रबल हो जाने से आदमी दुराचार नहीं करते किंतु अंत:करण के निर्बल हो जाने से वे वैसा करते है।

**उपर्युक्त वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है?**

[1] केवल A व B　[2] B, C व D

[3] A, C व D　**[4]** A, B, C व D

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**20.** A. तुमको कब योग्य है कि वन में बसो?

B. हमारे साथी कल यहाँ से जायेंगे और आगरा में पहुँचकर वे ताजमहल देखेंगे।

C. बाबा से समझायकर कहो जो मुझे ग्वालों के संग पठाय दें।

D. राजा का घातक एक सिपाही निकला, जिसने एक समय उसके प्राण बचाए थे।

**उपर्युक्त वाक्यों में से मिश्र वाक्य है?**

**[1]** A, C व D　[2] B, C व D

[3] केवल A व D　[4] A, B व D

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**21. 'दोनों वीर ऐसे अूटे, जैसे, हाथियों के यूथ पर सिंह टूटे' उपर्युक्त वाक्य का प्रकार है–**

[1] साधारण　[2] संयुक्त

**[3]** मिश्र　[4] संयुक्त-मिश्र

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**22. संज्ञा उपवाक्य का उदाहरण है–**

**[1]** मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबंध है।

[2] तुम बीमार पड़ गए क्योंकि तुम कसरत नहीं करते थे।

[3] आपसे मिलने पर मैं ढेर सारी बातें बताऊँगा।

[4] सुरेश के पढ़ने पर नरेश नहीं पढ़ेगा।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**23. कौनसा वाक्य विशेषण उपवाक्य का उदाहरण नहीं है?**

[1] एक बड़ा बुद्धिमान डॉक्टर था जो राजनीति के तत्त्व को अच्छी तरह समझता था।

[2] लखनऊ, जो उत्तर प्रदेश की राजधानी है, एक ऐतिहासिक नगर है।

**[3]** मैं जानता था कि सुमन जरूर नृत्य करेगी।

[4] यह ऐसी बातें कहता है, जिनसे सबको बुरा लगता है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

Springboard ACADEMY

24. **कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?**

[1] उस चित्र को उठाओ जो हुसैन का बनाया हुआ है। – विशेषण उपवाक्य

[2] जब किसान यह फंदा खोलने को आवे, तब तुम साँस रोककर मुर्दे के समान पड़ जाना। – क्रिया विशेषण उपवाक्य

[3] गुरु जी ने बताया कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। – मिश्र वाक्य

**[4]** जब आंधी बड़े जोर से चल रही थी वह एक टापू पर जा पहुँचा। – संज्ञा उपवाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

25. **'तुम झूठ बोलते हो, रमन सत्य बोलता है।' इन दोनों साधारण वाक्यों से बने वाक्यों के संबंध में कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?**

[1] रमन सत्य बोलता है क्योंकि तुम झूठ बोलते है। – मिश्र वाक्य

**[2]** रमन और तुम दोनों झूठ बोलते हो। – संयुक्त वाक्य

[3] न तुम झूठ बोलते हो न रमन सत्य बोलता है – संयुक्त वाक्य

[4] तुम झूठ बोलते हो और रमन सत्य बोलता है – संयुक्त वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

26. **'हरे रंग की कमीज तितीर्षु की है।' इस वाक्य में विधेय है–**

[1] हरे रंग | [2] कमीज

**[3]** तितीर्षु की है | [4] हरे रंग की कमीज

[5] अनुत्तरित प्रश्न

27. **'आप, मैं और वे, यानी हम सब उनके घरों, खेतों और व्यापार को देखकर जरूर आएँगे।' इस वाक्य में कौनसा पदबंध नहीं है?**

[1] सर्वनाम पदबंध

[2] संज्ञा पदबंध

[3] क्रियाविशेषण पदबंध

**[4]** क्रिया पदबंध

[5] अनुत्तरित प्रश्न

28. **कौनसा कथन असत्य है?**

[1] उपवाक्य से छोटी इकाई पदबंध है।

**[2]** उपवाक्य में क्रिया अनिवार्य नहीं है जबकि पदबंध में क्रिया का होना अनिवार्य है।

[3] पदों का ऐसा समूह जो परस्पर मिलकर वही व्याकरणिक प्रकार्य करे जो अकेला पद करता है, पदबंध कहलाता है।

[4] पदबंध को वाक्यांश भी कहा जाता है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

29. **'सुषमा इसलिए स्कूल नहीं गई; क्योंकि उसके भाई की शादी है।' उपर्युक्त मिश्र वाक्य का संयुक्त वाक्य में सही परिवर्तन कौनसा है?**

**[1]** सुषमा के भाई की शादी है; इसलिए स्कूल नहीं गई।

[2] सुषमा अपने भाई की शादी के कारण स्कूल नहीं गई।

[3] जब सुषमा के भाई की शादी थी तब वह स्कूल नहीं गई।

[4] सुषमा के स्कूल नहीं जाने का कारण उसके भाई की शादी है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

30. **जिस वाक्य में इसलिए, और, लेकिन, परंतु आदि समुच्चयबोधक शब्द जुड़ते हैं, उसे वाक्य को कहते है?**

[1] मिश्र वाक्य

**[2]** संयुक्त वाक्य

[3] विधान वाक्य

[4] सरल वाक्य

[5] अनुत्तरित प्रश्न

31. **कौनसा वाक्य संदेहसूचक नहीं है?**

[1] हो सकता है वह आज शाम को आए।

**[2]** तुम जहाँ भी रहो सुखी रहो।

[3] यह काम उस लड़के ने किया होगा।

[4] गाड़ी आती होगी।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

32. **मिश्र-संयुक्त वाक्य कौनसा है?**

[1] पिताजी बीमार है और पलंग पर लेटे है इसलिए घूम नहीं सकते है।

**[2]** जल्दी चलें ताकि समय पर पहुँचें और जल्दी लौटे।

[3] सुनो और समझो तथा दुबारा गलती न करो।

[4] क्योंकि जल्दी उठा था इसलिए जल्दी ही सो गया ताकि फिर उठ सके।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

33. **कौनसा स्थानवाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य है?**

**[1]** मैं तुम्हें वहाँ भेजूँगा, जहाँ कंस गया है।

[2] जब कोई दीन दुःखी उसके द्वार पर आता है, तब वह उसे अन्न और वस्त्र देता है।

[3] कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें पूरा वेतन दिया जाए।

[4] जैसे-जैसे आमदनी बढ़ती है, वैसे-वैसे खर्च भी बढ़ता जाता है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

34. **''सुना है, इस बार दैत्यों में भी बड़ा उत्साह फैल रहा है।''**

A. यह मिश्र वाक्य का उदाहरण है।

B. इसमें 'सुना है' प्रधान उपवाक्य है।

C. 'इस बार दैत्यों में भी बड़ा उत्साह फैल रहा है' आश्रित उपवाक्य है जो 'विशेषण उपवाक्य' प्रकार का है।

D. यह संयुक्त वाक्य है।

**उपर्युक्त वाक्य के संदर्भ में सत्य कथनों का समूह है–**

[1] केवल D | **[2]** केवल A व B

[3] A, B व C | [4] केवल A

[5] अनुत्तरित प्रश्न

35. **गीत-गाती हुई स्त्रियाँ पानी भरने जा रही है। रेखांकित किए हुए भाग में कौनसा पदबन्ध है?**

**[1]** विशेषण

[2] क्रिया

[3] संज्ञा

[4] क्रिया-विशेषण

[5] अनुत्तरित प्रश्न

Springboard Academy

**36. मिश्र वाक्य कौनसा नहीं है?**
[1] जैसा बोटोगे वैसा काटोगे।
[2] इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार की वृद्धि हो।
**[3]** मैने एक बकरी बेची किंतु दूसरी खरीद ली।
[4] जहाँ खड़े हो, वहाँ से हट जाओ।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**37. 'क्रिया विशेषण उपवाक्य' किस वाक्य में नहीं है?**
[1] जैसी तलाश थी वैसी नौकरी मिल गई।
[2] उसने वैसा ही किया जैसा कहा गया था।
[3] रूपेश ही प्रथम आएगा क्योंकि वह बहुत मेहनती है।
**[4]** शिखा ने कहा कि वह कल नाटक देखने जा रही है।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**38. किस विकल्प में संयुक्त वाक्य नहीं है?**
[1] न मैं सोऊँगा न तुझे सोने दूँगा।
[2] दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते है और वे विभिन्न प्रकार के कार्य करते है।
[3] घंटी बजी और विद्यार्थी अपना-अपना बस्ता लेकर चले गए।
**[4]** वह जो बड़ी भैंस खेत में चर रही थी, नंदकिशोर की थी।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**39. 'लक्ष्मी अपने भाई कमलनाथ से मिली'। उपर्युक्त वाक्य में उद्देश्य का विस्तार को पूर्णत: प्रकट करने वाला विकल्प है?**
**[1]** लक्ष्मी अपने भाई [2] लक्ष्मी
[3] अपने भाई [4] लक्ष्मी, भाई
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**40. ''गर्मी का मौसम अचानक आ गया।'' उपर्युक्त वाक्य में विधेय का विस्तार है-**
[1] गर्मी **[2]** अचानक
[3] मौसम [4] आ गया
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**41. कौनसा असुमेलित है?**

| वाक्य | अशुद्धि |
|---|---|
| [1] यह दृश्य देख मेरी आँखो में आँसू आ गया। | -वचन संबंधी |
| [2] महात्मा गाँधी का देश सदा आभारी रहेगा। | -पदक्रम संबंधी |
| [3] यह सबसे सुंदरतम साड़ी है। | -विशेषण संबंधी |
| **[4]** वह आम को खा रहा है। | -लिंग संबंधी |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**42. किस वाक्य में लिंग संबंधी अशुद्धि नहीं है?**
[1] कृष्ण और राधा मधुवन में गई।
**[2]** सभी स्त्रियाँ गुणवती नहीं होती।
[3] महारानी धनवान है।
[4] सभा को अनेक विद्वान महिलाओं ने संबोधित किया।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**43. कौनसा वाक्य शुद्ध है?**
[1] उन्नति के मार्ग में संकट भी आते है।
[2] उसके प्रश्न का समाधान मेरे पास है।
**[3]** उसने संतोष की साँस ली।
[4] पाँच मिनट में आता हूँ।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
A. मैंने इस काम में बड़ी भूल की है।
B. मैने हस्ताक्षर कर दिए है।
C. जयपुर के दर्शनीय स्थान अच्छे है।
D. लक्ष्मीबाई बहुत वीर थी।
E. वसंत में फूलों को खिलने से कौन रोक सकता है?
**उपर्युक्त में से अशुद्ध वाक्य है?**
**[1]** केवल C व D [2] B, C, D व E
[3] A, B व D [4] A, B व C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**45. शुद्ध वाक्य छांटिए-**
**[1]** इसका जवाब सप्रमाण दीजिए।
[2] अब विंध्याचल पर्वत हरा-भरा हो गया।
[3] वह सर्दियों की गुनगुनी गरम धूप में बैठा है।
[4] मैं रविवार के दिन टेस्ट देने जाऊँगा।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
A. उसने आमेर देखा।
B. वह अपने भाग्य को कोस रहा है।
C. सात बजने को पाँच मिनट है।
D. दशरथ के तीन रानियाँ थी।
E. चोर को रस्सी से बाँधकर ले गए।
**उपर्युक्त वाक्यों में से किसमें कारक संबंधी अशुद्धि है?**
[1] केवल A व B [2] C, D व E
**[3]** केवल C व D [4] A, B व E
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**47. कौनसा वाक्य अशुद्ध है?**
[1] स्वामी विवेकानंद का भाषण सुन कर उपहास उड़ाने वाले अमरीकियों पर घड़ों पानी पड़ गया।
[2] गाँधी जी चरखा चलाते थे।
**[3]** हमारे यहाँ तरुण नवयुवकों की शिक्षा की अच्छी व्यवस्था है।
[4] कार्यक्रम की सभानेत्री श्रीमती स्मृति जैन है।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**48. शुद्ध वाक्य छाँटिए-**
[1] यह ग्रंथ विद्वत्तापूर्ण लिखा गया है।
[2] कारण बताओ कि यह कैसे संभव हो सकता है।
[3] श्याम अपनी गलती का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार है।
**[4]** पर्वतीय प्रदेश में प्रात:काल का दृश्य बहुत चित्ताकर्षक होता है।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**49. किसमें क्रिया संबंधी-अशुद्धि नहीं है?**
**[1]** उसने नहाकर भोजन किया।
[2] उसने मुझे गाली निकाली।
[3] मैंने बहुत परिश्रम उठाकर धन कमाया है।
[4] मैं इसका कारण दे सकता हूँ।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**50. 'कई बैंक के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया'। इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?**

[1] संबंधी
[2] वचन संबंधी
**[3]** पदक्रम संबंधी
[4] कारक संबंधी
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. महात्मा जी अपना भावी जीवन यही बिताएँगे।
B. उन दिनों मैं पहाड़ पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा था।
C. सागर अधिक गहरा है।
D. बरछी शस्त्र और बंदूक अस्त्र है।

**उपर्युक्त वाक्यों के संदर्भ में सत्य विकल्प चुनिए–**

[1] केवल A व C शुद्ध; B व D अशुद्ध।
**[2]** A, C व D अशुद्ध; B शुद्ध।
[3] केवल A व B शुद्ध; C व D अशुद्ध।
[4] केवल A व B अशुद्ध; C व D शुद्ध।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**52. शुद्ध वाक्य है–**

[1] वह आदमी जिसे तुमने कल देखा था वह आज मर गया।
[2] उनकी अपनी प्रखर बुद्धि हर काम में प्रकट होती है।
[3] आप परिषद् के अगले अधिवेशन के, जो दिसंबर में होने वाला है, उसके सभापति निर्वाचित हुए है।
**[4]** मोहन ने दौड़कर सोहन को गिरा दिया।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**53. 'उन्हें सोच लेना चाहिए कि कौनसी माँग जो वे रख रहे है वह उचित है या नहीं।' इस वाक्य का शुद्ध रूप निम्नलिखित में से कौनसा है?**

[1] उन्हें सोच लेना चाहिए कि जो माँग वह रख रहे है, वह उचित है या नहीं।
[2] उन्हें सोच लेना चाहिए कि क्या माँग जो वे रख रहे है उचित है या नहीं है।
**[3]** उन्हें सोच लेना चाहिए कि जो माँग वे रख रहे है उचित है या नहीं।
[4] उन्हें सोच लेना चाहिए कि वे जो माँग रख रहे है वे उचित है या नहीं।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**54.** A. डाकुओं का सरदार वह अलीबाबा था।
B. आप परिषद् के अगले अधिवेशन के, जो दिसम्बर में होने वाला है, उसके सभापति निर्वाचित हुए है।

**उपर्युक्त दोनों वाक्यों के संदर्भ में सत्य विकल्प कौनसा है?**

[1] वाक्य A में सर्वनाम 'वह' के स्थान पर 'वे' का प्रयोग करने पर वाक्य शुद्ध हो जाएगा।
[2] वाक्य B में 'अगले' के स्थान पर 'अगला' और 'जो' के स्थान पर 'जिसका' प्रयोग करने पर वाक्य शुद्ध हो जाएगा।
[3] दोनों वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।
**[4]** दोनों वाक्यों में सर्वनाम (वह, उसके) का अनावश्यक रूप से प्रयोग हुआ है।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**55. कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| | **अशुद्ध वाक्य** | | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|---|---|
| [1] | आप तो आ गये, पर तुम्हारा सामान नहीं आया | – | आप तो आ गये, पर आपका सामान नहीं आया। |
| [2] | यह लोग क्या कहते है? | – | ये लोग क्या कहते है? |
| **[3]** | मैं सवेरे आपके यहाँ गया था पर तुम घर पर नहीं थे, इसलिए हम लौट आए। | – | मैं सवेरे आपके यहाँ गया था पर आप घर पर नहीं थे, इसलिए हम लौट आए। |
| [4] | तुम तुम्हारे घर चले जाओ। | – | तुम अपने घर चले जाओ। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. इस पत्र में कहा है कि तुम खेल में रुचि रखते हो।
B. श्री मैथिलीशरण गुप्त को अभिनंदन ग्रंथ प्रदान किया गया।
C. मैं परिषद् के कार्यों में सहयोग देने में असमर्थ हूँ।
D. उसने कहा तुम क्या कर रहे हो।

**उपर्युक्त वाक्यों में से अशुद्ध वाक्यों का विकल्प कौनसा है–**

**[1]** A, B व D
[2] B, C व D
[3] A, C व D
[4] केवल B व C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**57. निम्नलिखित में से कौनसा क्रियापद शुद्ध है?**

[1] प्रश्न पूछना
[2] निर्णय लेना
[3] स्मरण दिलाना
**[4]** श्रद्धा रखना
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**58. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–**

[1] अधिकतर अनाज गरीबों में बाँट दिया।
[2] अधिकांश लोगों ने खाना खा लिया।
[3] ये आदमी कौन था?
**[4]** कढ़ाई के रेशमी धागे उत्तम होते हैं।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**59. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–**

[1] लाजपतराय जैसे नेता को भुलाया नहीं जा सकता।
[2] उसने विद्रोह के लिए मुझे बहका दिया।
[3] वह इतना तेज दौड़ा कि मैं पकड़ नहीं सकता।
**[4]** जब बैंक से रुपया ले तो अच्छी तरह देख लें।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**60. 'प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि उसे इस कार्य में सहायता करनी चाहिए।' वाक्य का शुद्ध रूप कौनसा है?**

[1] प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वे इस कार्य में सहायता करनी चाहिए।
**[2]** प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इस कार्य में सहायता करें।
[3] नागरिकों का कर्तव्य है कि वह इस कार्य में सहायता करें।
[4] नागरिकों का कर्तव्य है कि उन्हें इस कार्य में सहायता करनी चाहिए।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

Springboard ACADEMY

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

A. मैं और मेरे मित्रों का इस मेले में जाना हुआ।

B. राम गया और कहा घर चलो।

C. यह वही आदमी है उसकी टोपी तुमने छीन ली थी।

D. वह लड़का असफल रहा क्योंकि उसने परिश्रम नहीं किया था।

**उपर्युक्त में से अशुद्ध वाक्यों के लिए कौनसा विकल्प है?**

[1] A, B व C [2] केवल B व D

[3] केवल A व C **[4]** A, B, C व D

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**62. इनमें से शुद्ध वाक्य कौनसा है?**

[1] बच्चे को काटकर अनार खिलाओ।

**[2]** आज बेहद सर्दी है।

[3] केवल वहाँ दो लोग थे।

[4] श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**63. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

[1] चिड़िया ने दनादन पाँच दाना चुग गई।

**[2]** चिड़िया दनादन पाँचों दाने चुग गई।

[3] चिड़िया दनादन पाँच दाना चुग लिए।

[4] चिड़िया दनादन पाँच दाना चुग गई।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**64. वाक्य के जिस भाग में त्रुटि हो उसे चिह्नित करें-**

[1] कोरोना काल में भी [2] लोगों ने

**[3]** संपत्तियाँ [4] खरीदी

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**65. 'चारों वेदों का नाम बताओ' अशुद्ध अंश को पहचानिए-**

[1] चारों वेदों **[2]** का

[3] नाम [4] बताओ

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**66. इनमें व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है-**

[1] भक्ति युग का काल ईश्वरमय था।

[2] वे अनेक कला में पारंगत है।

**[3]** पत्र में लिखी गई बात सही है।

[4] शिक्षा लेने में कंजूसी न करें।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**67. 'सीता का ससुराल अयोध्या है।' इस वाक्य में अशुद्धि का कारण क्या है?**

[1] वचन [2] काल

**[3]** कारक [4] अव्यय

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**68. 'तूफान के बावजूद जहाज समुद्र तैर ही गया।' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?**

**[1]** क्रियापद [2] वचन

[3] सर्वाम [4] कारक चिह्न

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**69. कौनसा वाक्य शुद्ध है?**

[1] आपकी महान कृपा से मैं सफल हो गया।

[2] आपकी सहायतार्थ मैं उपस्थित हूँ।

[3] रेडिओ की उत्पत्ति मार्कोनी ने की।

**[4]** मैदान में बैल घास चर रहे हैं।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**70. कौनसा विकल्प असुमेलित है?**

| | वाक्य | अशुद्धि |
|---|---|---|
| [1] | पुस्तकों में यह बहुत श्रेष्ठ है। | - विशेषण संबंधी |
| [2] | अपन ठीक रास्ते पर हैं। | - सर्वनाम संबंधी |
| [3] | उसको घमंडी कहकर पुकारना ज्यादती है। | - क्रियापद संबंधी |
| **[4]** | प्रत्येक घोड़े तेज़ गतिवाले होते है। | - लिंग संबंधी |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**71. 'रोगी से वैद्य' लोकोक्ति का सही अर्थ है?**

[1] ज्ञानहीन होना।

**[2]** भुक्तभोगी का अनुभवी होना।

[3] चालाक होना।

[4] अनुभव का गलत फायदा उठाना।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**72. असुमेलित विकल्प को छाँटिए-**

[1] आग पर लोटना - क्रोध में बेचैन होना।

**[2]** आग दिखाना - जली-कटी बातें सुनाना।

[3] आग पानी का बैर होना - जन्मजात शत्रुता होना।

[4] आग लगना - भूख लगना।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**73. 'दहलीज का कुत्ता' मुहावरे का सही अर्थ होगा?**

[1] बेईमान होना

[2] कामचोर होना

**[3]** पिछलग्गू होना

[4] मेहनती होना

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**74. 'धन्ना सेठ के नाती बनना' लोकोक्ति का स्पष्ट अर्थ हैं?**

[1] कंगाल होना।

**[2]** स्वयं को अमीर समझना।

[3] पैसे देकर काम करवाना।

[4] योग्यतानुसार कार्य न करना।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**75. कौनसी लोकोक्ति उसके अर्थ से सुमेलित नहीं है?**

| | लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|---|
| [1] | पराये धन पर लक्ष्मीनारायण | - दूसरे के धन पर गुलछर्रे उड़ाना। |
| **[2]** | नानी कुँआरी मर गयी नवासे के नौ-नौ ब्याह। | - असंभव कार्य कर देना। |
| [3] | नकटा बूँचा सबसे ऊँचा। | - निर्लज्ज आदमी सबसे बड़ा। |
| [4] | चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए। | - बहुत कंजूस होना। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न



Springboard ACADEMY

76. **किस मुहावरे का अर्थ सुमेलित नहीं है?**

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| [1] हथेली का आँवला। | – सहज प्राप्त वस्तु |
| [2] हथेली का फफोला। | – बहुत सुकुमार वस्तु |
| **[3]** हथेली पर जान होना। | – प्रेमी द्वारा प्रेमिका से बहुत प्रेम करना |
| [4] हथेली खुजलाना। | – कुछ मिलने का शकुन होना |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

77. **'चाँद पर थूकना' मुहावरे का सही अर्थ है?**

**[1]** किसी पर लांछन लगा कर स्वयं अपमानित होना।
[2] किसी के प्रति आकर्षित होना।
[3] महत्त्वाकांक्षी होना।
[4] अपमान करना।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

78. **लोकोक्ति और उनके सही अर्थ वाले जोड़े के विकल्प की पहचान कीजिए–**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| A. इक नागिन अरू पंख लगायी। | i. झूठा दिखावा और शान |
| B. छटाँक चून चौबारे रसोई। | ii. एक दोष के साथ दूसरा दोष जुड़ जाना |
| C. हाथी के पाँव में सबका पाँव। | iii. फैसला मानना |
| D. पंचों का कहा सिर माथे। | iv. बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुजर हो जाती है। |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | i | ii | iii | iv | **[2]** | ii | i | iv | iii |
| [3] | i | iv | iii | ii | [4] | iv | i | ii | iii |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

79. **असुमेलित विकल्प का चयन कीजिए–**

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| [1] काले कोसों। | – बहुत दूर |
| [2] काठ मार जाना। | – स्तब्ध रह जाना |
| **[3]** कच्ची गोली खेलना। | – भाग खड़े होना |
| [4] हिन्दी की चिंदी निकालना। | – किसी बात की पूरी खोज करना। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

80. **किस विकल्प में लोकोक्ति व उसका अर्थ असुमेलित नहीं है?**

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| **[1]** चित भी मेरी, पट भी मेरी | – धौंस दिखाना |
| [2] घर के पीरों को तेल का मलीदा | – अपनों को अपमानित करना एवं दूसरों का सम्मान करना |
| [3] भरी गगरिया चुपके जाय | – ज्ञानी गंभीर होता है |
| [4] समरथ को नहीं दोष गुसाई | – सामर्थ्यवान का दोष नहीं देखा जाता |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

81. **'तीया-पाँचा करना' मुहावरे का सही अर्थ है–**

[1] सही बात करना।
**[2]** निपटारा करना।
[3] किसी को अपमानित करना।
[4] आफत मोल लेना।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

82. **इनमें से किस मुहावरे का निकटतम अर्थ सही नहीं है?**

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| **[1]** उँगली लगाना | – दोष दिखाना। |
| [2] उँगली दिखाना | – निंदा करना। |
| [3] उँगली काटना | – विस्मय में पड़ना। |
| [4] उँगली उठना | – इशारा होना। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

83. **कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?**

| मुहावरा/लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| **[1]** भौर न छोड़े केतकी तीखे कंटक जान। | – लाभ के लिए कांटों को नहीं छोड़ना। |
| [2] बन का कुआँ होना। | – एकांत में अनजान होना। |
| [3] अँधों का हाथी होना। | – पूरी बात न समझना। |
| [4] नदी नाव संयोग। | – कभी-कभी मिलना। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

84. **'जीभ जली और स्वाद भी कुछ न आया।' लोकोक्ति का अर्थ है–**

[1] गर्म खाना खाने से स्वाद नहीं आना।
[2] जीभ जलने पर गर्म खाना नहीं खाना।
**[3]** बिना लाभ मिले बदनामी होना।
[4] दु:ख भोगे बिना दूसरे के दर्द का एहसास न होना।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

85. **'शहर की दाई' मुहावरे का अर्थ क्या है?**

**[1]** घर-घर की खबर रखने वाली स्त्री।
[2] शक्ति संचित नारी।
[3] समाज सेवा करने वाली नारी।
[4] अपराधिनी।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

86. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. मुहावरे में काल, वचन तथा पुरुष के अनुसार परिवर्तन हो जाता है जबकि लोकोक्ति में ऐसे परिवर्तन नहीं होते है।
B. मुहावरे का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता है जबकि लोकोक्ति का स्वतंत्र प्रयोग होता है।
C. लोकोक्ति के पीछे कालांतर की कोई घटना या कहानी होती है।
D. दोनों (लोकोक्ति व मुहावरे) ही भाषा शैली को नीरस बनाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से कथन सत्य नहीं है?**

[1] केवल A व B **[2]** केवल D
[3] केवल C व D [4] केवल A, C व D
[5] अनुत्तरित प्रश्न

87. **किस विकल्प में मुहावरा व उसका अर्थ सुमेलित नहीं है?**

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| [1] आँख चमकना | – प्रसन्न होना। |
| [2] आँख चढ़ाना | – गुस्सा करना। |
| **[3]** आँख चूकना | – नज़र स्थिर होना। |
| [4] आँख चुराना | – धोखा देना। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न



Springboard ACADEMY

88. 'अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप।' लोकोक्ति का अर्थ है–
[1] अधिक बारिश व अधिक धूप होना।
**[2]** किसी की भी अधिकता ठीक नहीं।
[3] बरसात में धूप निकलना।
[4] न बारिश होना और न ही धूप निकलना।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

89. सुमेलित कीजिए–

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| A. आसमान से टक्कर लेना | i. आप से आप आ जाना। |
| B. आसमान सिर पर उठाना | ii. असंभव काम करना। |
| C. आसमान में थिगली लगाना | iii. आसमान से बातें करना। |
| D. आसमान से गिरना | iv. उपद्रव करना। |

कूट :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **[1]** | iii | iv | ii | i | [2] | ii | iv | i | iii |
| [3] | ii | iv | iii | i | [4] | iv | iii | ii | i |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

90. कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?
[1] मुद्दई सुस्त, गवाह चुस्त – मुख्य व्यक्ति का निष्क्रिय होना व सहायक का सक्रिय होना।
**[2]** बुलबुल पालना – लुप्त होते पक्षी को पालतू बनाना।
[3] जड़ जमाना – किसी कार्य में मजबूत होना।
[4] आँख न दीदा काढ़े कसीदा – योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी करना।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

91. 'सिर उठाना' मुहावरे का अर्थ है–
**[1]** विरोध में आना। [2] पीछे पड़ जाना।
[3] आरोप लगाना। [4] बहुत प्रयत्न करना।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

92. लोकोक्ति व उसके अर्थ की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| [1] उल्टे बाँस बरेली को | – विपरीत आचरण करना। |
| **[2]** घर में भूजी भांग नहीं | – निर्धनता का न होना। |
| [3] द्रौपदी का चीर होना | – कभी समाप्त न होने वाली वस्तु। |
| [4] बाप न मारी मेंढ़की, बेटा तीरंदाज | – बहुत अधिक बातूनी और गप्पी। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

93. मुहावरे/लोकोक्ति में अर्थ की दृष्टि से असुमेलित का चयन कीजिए?

| मुहावरे/लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| [1] भेड़ की लात घुटनों तक | – कमजोर आदमी किसी का अधिक नुकसान नहीं कर सकता। |
| **[2]** सब धान बाईस पंसेरी | – सभी वस्तुओं का समान मूल्य होना। |
| [3] हौज भरे तो फौव्वारे फूटे | – आमदनी बढ़े तो खर्च भी अधिक किया जाए। |
| [4] लहू लगाकर शहीदों में मिलना | – झूठी प्रशंसा चाहना। |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

94. मुहावरे–अर्थ में से बेमेल का चयन कीजिए?

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| [1] कलेजा पसीजना | – दया आना |
| [2] कलेजा फटना | – डाह होना |
| [3] कलेजा निकलना | – बहुत प्यारी वस्तु ले लना |
| **[4]** कलेजा थामना | – संतोष होना |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

95. कौनसा मुहावरा व उसका अर्थ असुमेलित है?

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| [1] उल्टी माला फेरना | – किसी के बुरे के लिए प्रार्थना |
| [2] उल्टे छुरे से मूँड़ना | – मूर्ख बनाना |
| **[3]** उल्टी पट्टी पढ़ाना | – साक्षर न करना |
| [4] उल्टे पाँव लौटना | – शीघ्र लौटना |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

96. निम्नलिखित में से किस लोकोक्ति का अर्थ है – 'बाहर से प्रेम दिखाना और परोक्ष में हानि पहुँचाते रहना।'
[1] घोड़ों को लात, आदमी को बात
**[2]** जड़ काटते जाना और पानी देते रहना
[3] जल में रहकर मगर से बैर
[4] छछूँदर के सिर पर चमेली का तेल
[5] अनुत्तरित प्रश्न

97. 'केर-बेर का संग होना' का अर्थ है–
[1] दोनों अलग-अलग
**[2]** विपरीत स्वभाव वालों का साथ-साथ रहना
[3] भाग्य की बात
[4] दयावान व निष्ठुर का साथ
[5] अनुत्तरित प्रश्न

98. अर्थ व लोकोक्ति की दृष्टि से असुमेलित कौनसा है?
[1] अच्छा कार्य करते कष्ट पाना – होम करते हाथ जलाना।
[2] अच्छी संगति में रहकर भी कुछ नहीं सीखा – बारह वर्ष दिल्ली रहे और भाड़ ही झोंका।
[3] कोरी कल्पना तो सुन्दर करो – मन के लड्डू फीके क्यों।
**[4]** समझदार आदमी हर जगह प्रशंसा प्राप्त करता है। – भेड़ जहाँ जायेगी मूँडी जायेगी।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

99. कौनसी लोकोक्ति/मुहावरे का अर्थ भिन्न है?
[1] घोंघा बसंत [2] गोबर गणेश
[3] अक्ल का अंधा **[4]** अंडे का शहजादा
[5] अनुत्तरित प्रश्न

100. अतिवृष्टि से फसल की हानि होने पर राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता.....बनकर रह गई है। रिक्त स्थान में उपयुक्त लोकोक्ति होगी?
[1] कोयले की दलाली में हाथ काले होना
[2] गागर में सागर भरना
**[3]** ऊँट के मुँह में जीरा
[4] खोदा पहाड़ निकली चुहिया
[5] अनुत्तरित प्रश्न

Springboard ACADEMY

# ANSWER KEY

**PSI Test Series - 2025**

**[General Hindi (Vaaky Shuddhi + Vaaky Rachana + Muhaavare/Lokoktiyaan)]**

**30 Nov. 2025**

| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** | **14** | **15** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 4 | 3 | 1 | 4 | 3 | 2 | 2 | 1 | 4 | 3 | 3 | 4 | 2 |
| **16** | **17** | **18** | **19** | **20** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** | **27** | **28** | **29** | **30** |
| 3 | 3 | 2 | 4 | 1 | 3 | 1 | 3 | 4 | 2 | 3 | 4 | 2 | 1 | 2 |
| **31** | **32** | **33** | **34** | **35** | **36** | **37** | **38** | **39** | **40** | **41** | **42** | **43** | **44** | **45** |
| 2 | 2 | 1 | 2 | 1 | 3 | 4 | 4 | 1 | 2 | 4 | 2 | 3 | 1 | 1 |
| **46** | **47** | **48** | **49** | **50** | **51** | **52** | **53** | **54** | **55** | **56** | **57** | **58** | **59** | **60** |
| 3 | 3 | 4 | 1 | 3 | 2 | 4 | 3 | 4 | 3 | 1 | 4 | 4 | 4 | 2 |
| **61** | **62** | **63** | **64** | **65** | **66** | **67** | **68** | **69** | **70** | **71** | **72** | **73** | **74** | **75** |
| 4 | 2 | 2 | 3 | 2 | 3 | 3 | 1 | 4 | 4 | 2 | 2 | 3 | 2 | 2 |
| **76** | **77** | **78** | **79** | **80** | **81** | **82** | **83** | **84** | **85** | **86** | **87** | **88** | **89** | **90** |
| 3 | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 1 | 1 | 3 | 1 | 2 | 3 | 2 | 1 | 2 |
| **91** | **92** | **93** | **94** | **95** | **96** | **97** | **98** | **99** | **100** | | | | | |
| 1 | 2 | 2 | 4 | 3 | 2 | 2 | 4 | 4 | 3 | | | | | |